कार्यालय जनपद न्यायाधीश, सुलतानपुर।

<u>विज्ञप्ति संख्या– 01/2022</u>

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा C.L. No. 41/Admin 'D' Section Dated: 14.04.1980 को अवक्रमित करते हुए C.L. No. 14/Admin 'D' Section Dated:15.10.2022 के द्वारा जनपद न्यायालयों में जहां कार्मिको की अत्यधिक कमी है, उनमें जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुयी हो, पुनर्नियुक्ति किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किया गया है। यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी होगी तथा 06 माह की अवधि के लिए (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति या सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती होने तक) की जायेगी, जिनका सेवाविस्तार प्रत्येक 06 माह पर सम्बन्धित पुनर्नियुक्त कर्मचारी की 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक हो सकता है।

सुलतानपुर जनपद में कर्मचारियों की अत्यधिक कमी है जिसका विवरण निम्नवत् है:–

क्रमांक	पद का नाम	स्वीकृत पद	कार्यरत् कर्मचारी	रिक्त पद
1	प्रधान सहायक	30	15	15
2	वरिष्ठ सहायक	133	49	84
3	कनिष्ठ सहायक	65	43	22
4	आशुलिपिक ग्रेड–प्रथम	9	6	3
5	आशुलिपिक ग्रेड–द्वितीय	11	8	3
6	आशुलिपिक ग्रेड–तृतीय	35	11	24
7	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (दफ्तरी/आदेशिका वाहक/अर्दली/चपरासी/फर्रास/स्वीपर/चौकीदार आदि)	152	85	67

जनपद न्यायालय, सुलतानपुर में कर्मचारियों के अत्यधिक कमी न्यायिक कार्य के सुगमता पूर्वक निर्वहन में कठिनाई के दृष्टिगत C.L. No.14/ Admin 'D' Section Dated:15.10.2022 के अनुपालन में तालिका में उल्लिखित श्रेणी के अनुसार, जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारी, जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुयी हो, से आशुलिपिक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदो पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन पत्र दिनांक 05.11.2022 तक आमंत्रित किये जाते है। पुनर्नियुक्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय उनके द्वारा अन्तिम आहरित वेतन में से, पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व) घटाते हुए, समस्त भत्तों सहित, उत्तर प्रदेश शासन के नियमों के अधीन परिलब्धियां देय होंगी।

27.10.2

जनपद न्यायाधीश
सुलतानपुर।

<u>प्रतिलिपिः–</u>निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने हेतु।
2. सिस्टम ऑफिसर, सुलतानपुर को जनपद न्यायालय, सुलतानपुर एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
3. केन्द्रीय नाजिर, सुलतानपुर को जनपद न्यायालय सुलतानपुर एवं कोषागार, सुलतानपुर की नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु।

27.10

जनपद न्यायालय सुलतानपुर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदो पर सेवायोजन के लिए आवेदन पत्र

(As per C.L. No. 14/Admin 'D' Section Dated 15.10.2022)

आवेदित पद का नामः आशुलिपिक / लिपिक / चतुर्थ श्रेणी

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

1. आवेदक का नाम...
2. पिता / पति का नाम..
3. जन्म तिथि ....
4. सेवानिवृत्ति की तिथि..
5. अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए है)

   ....
6. पी0पी0ओ0 संख्या (छाया प्रति संलग्न करें)..
7. स्थायी पता..

   ....
8. अस्थायी पता..

   ....
9. मोबाइल नम्बर..
10. ई–मेल आई0डी0.. ....
11. शैक्षिक योग्यता..

अन्डरटेकिंग

मैं इस आशय की अन्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हुं कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूं एवं जिला न्यायालय सुलतानपुर में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूं। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नही दी गयी है जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नही है।

दिनांकः

आवेदक के हस्ताक्षर